### एक नजर में

## सेमरुड़, मल्हारगढ़ और बोथिया के अस्पतालों को मिले गुणवत्ता प्रमाणपत्र




**खण्डवा।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रणाली की टीम द्वारा विगत 27 से 31 जनवरी में किल्लौद विकासखण्ड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरुड़, विकासखण्ड खालवा के मल्हारगढ व विकासखण्ड हरसूद के बोथियाखुर्द में स्वास्थ्य सुविधाओ का वर्चुअली मूल्यांकन किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य टीम ने मापदंडो के अनुसार मूल्याकंन के बाद सेमरुड़, मल्हारगढ़ तथा बोथियाखुर्द के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये हैं।

## पात्र परिवारों को दो माह का खाद्यान्न एक साथ वितरित होगा



**खण्डवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से गरीब पात्र परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार इस बार मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित की जाएगी। इसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकानों दो बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जावेगी। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि उचित मूल्य दुकान पर जाकर दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन अर्थात अंगूठा लगाकर खाद्यान्न प्राप्त करें।

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के बड़वाह ऑफिस में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम




**खंडवा।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अति उच्च दाब संधारण संभाग बड़वाह के नेतृत्व में उपसंभाग छैगांव द्वारा 6 मार्च 2026 को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अति उच्च दाब संधारण, परीक्षण तथा 400 केवी उपकेंद्र छैगांव के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान लगभग 80 अधिकारियों और कर्मचारियों को हृदयाघात या आकस्मिक स्थिति में जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार के रूप में सीपीआर देने की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण शासकीय मेडिकल कॉलेज खंडवा के अधीक्षक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ. रंजीत बडोले तथा डॉ. अनिल मंसारे द्वारा दिया गया। उन्होंने सीपीआर की सही तकनीक, आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के तरीके और प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सुरेन्द्र कुमार सोलंकी, कार्यपालन अभियंता वीर सिंह भूरिया, सुखेन्द्र पाठक, राकेश गुप्ता तथा सहायक अभियंता मनोज मोरे, दिनेश मोरे, अनिल अलावा और गणेश मंसारे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण को सभी ने उपयोगी बताया।

## देहदानी स्व. कांता बेन पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर से दी अंतिम विदाई



**खंडवा।** जूनी इंदौर लाइन स्थित उमिया भवन के सामने रहने वाली 85 वर्षीय कांता बेन पटेल पत्नी बाबू भाई पटेल का निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार पुत्र किरण भाई पटेल और गौतम भाई पटेल की सहमति से लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के माध्यम से नेत्रदान व देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई। शुक्रवार सुबह उनका नेत्रदान कराया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप देहदानी को सम्मान देने की परंपरा के तहत पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देशन में पुलिस दल ने किरण विला निवास पर स्व. कांता बेन पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा मेडिकल कॉलेज खंडवा के लिए रवाना हुई।

समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 522वां नेत्रदान और 23वां देहदान संपन्न हुआ है। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डीन डॉ. संजय दादू सहित चिकित्सकों, मेडिकल विद्यार्थियों व गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा देहदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कलेक्टर ने लापरवाह एएनएम की दो वेतनवृद्धि रोकी

### अधूरी पेयजल योजनाएं को पूर्ण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कड़ा रुख अपना लिया है। शुक्रवार को जनपद पंचायत खण्डवा के सभाकक्ष में जावर विकासखण्ड की समीक्षा बैठक लेते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रयासों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जब यह सामने आया कि ग्राम अमलपुरा की एएनएम नीता तिरोले द्वारा पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप की सही जानकारी अपडेट नहीं की गई है, तो कलेक्टर ने तत्काल उनकी दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी कर दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि गर्भावस्था के नौ माह के दौरान हर महिला का कम से कम चार बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए और इसकी सटीक जानकारी पोर्टल पर दर्ज हो। उन्होंने विशेष रूप से एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामले में चिकित्सा अधिकारियों और एएनएम को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिए कि बड़गांवमाली और बड़गांव गुर्जर में विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच की जाए, साथ ही बमनगांव अखाई और पिपल्याफूल में किशोरी बालिकाओं को आयरन टैबलेट की महत्ता समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत को 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी शेष वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड अगले 7 दिनों के भीतर बनाने की समय-सीमा तय की है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ई-संजीवनी सुविधा का लाभ हर मरीज तक पहुँचाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कौशल और डीपीएम शैलेंद्र सोलंकी सहित विभाग के अन्य अधिकारी व सुपरवाइजर्स मौजूद थे, जिन्हें क्षय रोग नियंत्रण, परिवार कल्याण और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।



### नल-जल योजनाओं की भी की समीक्षा

बैठक में ही जिले में संचालित नल-जल योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधूरी योजनाओं वाले गांवों के सरपंच-सचिवों से चर्चा कर निर्देश दिए कि सभी योजनाएं माह के अंत तक पूर्ण की जाएं। पूर्ण योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण कर कमियां दूर कर पंचायतों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही जलकर की नियमित वसूली और ग्रीष्म से पहले सभी पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुचारु करने पर जोर दिया।

## नेशनल लोक अदालत आज, आपसी समझौतों से होगा केसों का निराकरण

**खंडवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों के त्वरित निराकरण के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पियूष भावे ने बताया कि इस लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय खंडवा, तहसील सिविल न्यायालय हरसूद और पुनासा में कुल 21 खंडपीठों का गठन किया गया है। इन खंडपीठों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के समझौता योग्य मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के समाधान के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि अपने विभागों से संबंधित अधिकाधिक राजीनामा योग्य मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर उनके निराकरण के प्रयास करें। लोक अदालत में सिविल एवं आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली, जलकर व संपत्ति कर सहित अन्य समझौता योग्य मामलों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत का निर्णय दोनों पक्षों की सहमति से होता है, जो अंतिम व बाध्यकारी होता है।

## दुग्ध सहकारी समितियों के सचिवों का प्रशिक्षण




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** दुग्ध संयंत्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुग्ध सहकारी संस्थाओं के सचिवों को लेखांकन और कुशल प्रबंधन में पारंगत बनाना था। 12 मार्च तक चले इस सत्र में क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं से आए कुल 37 सचिवों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत में केएल राठौर ने दुग्ध सहकारी आंदोलन के वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए सहकारिता के सैद्धांतिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में दुग्ध सहकारी संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एनके पगारे ने एक आदर्श सहकारी समिति की अवधारणा को स्पष्ट किया। उन्होंने सचिवों को लेखांकन की बारीकियों के साथ-साथ दुग्ध संकलन बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके और दूध की गुणवत्ता जांचने की तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया। इस महत्वपूर्ण आयोजन का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक मेहताबसिंह भदौरिया द्वारा किया गया, जबकि अतिथियों का स्वागत सहायक प्रबंधक मनोज पालीवाल ने किया। दुग्ध सहकारी संघ के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश झरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जैन समाज की महिलाओं के लिए केरल स्टोरी टू का रविवार को शो

इंदौर. दिगम्बर जैन समाज की माताओं, बहनों और बेटियों को फिल्म दे केरला स्टोरी-2 रविवार 15 मार्च को विशेष शो में दिखाई जाएगी. ये जानकारी देते हुए सारस्वत ग्रुप इंदौर के प्रवीण जैन, हर्ष तृप्ति जैन, साधना दगडे, पायल जैन, संगीता जैन ने बताया कि फिल्म की कथा और प्रस्तुत सच्चाई मन को झकझोर देगी. निर्देशक ने इस फिल्म के माध्यम से समाज के सामने एक कड़वा सच रखने का प्रयास किया है. वर्तमान समय से जुड़े संवेदनशील और गंभीर विषयों को उजागर करती यह फिल्म सतर्क और सजग रहने का स्पष्ट संदेश देती है. इसकी प्रभावी प्रस्तुति कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है, जिनके प्रति समाज का जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है. फिल्म रीगल स्थित सेंट्रल माल में सुबह 10 बजे दिखाई जाएगी.

# शिविर में 1125 हितग्राहियों को मिला लाभ




**खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत नगर परिषद पुनासा, जिला खंडवा में कार्यालय परिषद परिसर में शिविर लगा। अभियान के तहत 12 जनवरी से 15 फरवरी तक घर-घर सर्वे कर शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से 1368 आवेदन प्राप्त किए गए थे। इनमें से 1125 आवेदनों को स्वीकृत करते हुए शिविर में हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 472 आयुष्मान कार्ड, 29 हैंडपंप सुधार, 80 नो-ड्यूस प्रमाण पत्र, 108 पीएम स्वनिधि, 3 लाड़ली लक्ष्मी, 33 प्रधानमंत्री मातृ वंदना, 1 जाति प्रमाण पत्र, 40 पेंशन, 9 विवाह पंजीयन, 139 संबल पंजीयन, 1 अनुग्रह सहायता राशि, 8 जन्म प्रमाण पत्र, 12 मृत्यु प्रमाण पत्र, 2 किसान सम्मान निधि, 23 नवीन नल कनेक्शन तथा 140 चालू नक्शे की प्रतिलिपि सहित कुल 1125 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा नगर पुनासा के विभिन्न वार्डों के 126 हितग्राहियों को पट्टा वितरित किया।

मांधाता विधायक नारायण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष रुपेश पवार, उपाध्यक्ष राजेंद्र मालाकार, पार्षद, जनप्रतिनिधि, सीएमओ राजकुमार ठाकुर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता से ही होगा सशक्त समाज का निर्माण : प्रवीण शर्मा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गणेश तलाई स्थित सेंट मैरी कैंपस में विश्वास परियोजना द्वारा महिलाओं के अधिकारों पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (समकक्ष) प्रवीण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं वूमेन इंपावरमेंट की जिला संयोजक हर्षा शर्मा उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिस्टर स्टेला ने की।




मुख्य अतिथि प्रवीण शर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर सुरक्षा, शिक्षा के अधिकार और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी साझा किया कि बाल कल्याण समिति महिलाओं और बालिकाओं के संरक्षण हेतु पूरी संवेदनशीलता के साथ निरंतर कार्यरत है।

विशिष्ट अतिथि हर्षा शर्मा ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण के मूल मंत्रों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मविश्वास और अधिकारों की सही जानकारी ही महिलाओं को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने में सक्षम बनाती है। कार्यक्रम में विश्वास परियोजना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह ने किया

## एलपीजी की कालाबाजारी पर कसेगा शिकंजा

### कलेक्टर ने गठित किए विशेष जांच दल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, जमाखोरी और कालाबाजारी को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने तहसीलवार विशेष जांच दलों का गठन कर आकस्मिक निरीक्षण के आदेश जारी कर दिए हैं। नए दिशा-निर्देशों के तहत अब घरेलू एलपीजी की आपूर्ति केवल पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही की जाएगी। कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी अब मात्र शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थानों तक सीमित रहेगी। इसके अतिरिक्त, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अब 25 दिनों के अंतराल पर ही गैस बुकिंग की अनुमति होगी। जांच दलों में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह पूरी कार्यवाही संबंधित एसडीएम और एसडीओपी के सीधे पर्यवेक्षण में होगी। इन दलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों की गैस एजेंसियों और गोदामों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग पाया जाता है, तो तत्काल जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, अवैध संग्रहण या जमाखोरी मिलने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

## शहर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**खंडवा।** शहर में गहराते रसोई गैस संकट और बढ़ती कीमतों के खिलाफ जिला कांग्रेस ने शुक्रवार को तीन पुलिया क्षेत्र में अनोखा प्रदर्शन किया। घर-घर गटर, घर-घर गैस के नारे के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाले के ऊपर खाली सिलेंडर रखकर गटर की गैस से चाय बनाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में गांधी भवन से तीन पुलिया पहुंचे । रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं को नॉन-बायोलॉजिकल बताते हैं, शायद इसीलिए उन्हें 2017 में ही आभास हो गया था कि भविष्य में गैस सिलेंडर आम जनता की पहुंच से बाहर हो जाएगा।

कांग्रेस ने एक तपेली में छेद कर और नाले में पाइप डालकर सिलेंडर भरने का स्वांग रचा। पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि यह प्रदर्शन जनता को यह बताने के लिए था कांग्रेस ने तंज कसा कि अब सिलेंडर की चिंता छोड़िए और गटर से गैस निकालकर रसोई जलाइए.

प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ 25 दिन के अंतराल पर बुकिंग का नियम थोपा जा रहा है और दूसरी तरफ कालाबाजारी चरम पर है।

### मूंदी में गणगौर उत्सव की तैयारी जोरों पर

नवभारत न्यूज

**मूंदी।** नगर में मां नर्मदा गणगौर सेवा समिति, किसान मोहल्ला द्वारा चौथे वर्ष भव्य गणगौर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के अंतर्गत 22 मार्च तक विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 14 मार्च को जय मां काली गणगौर मंडल, 15 को सत्य साईं गणगौर मंडल, 16 को नवयुवक गणगौर मंडल, 17 को शीतला माता गणगौर मंडल, 18 को ठाकुर बाबा गणगौर मंडल तथा 19 मार्च को संत सिंगाजी गणगौर मंडल सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। 20 मार्च को मां सरस्वती शिशु मंदिर बालिका गणगौर मंडल प्रस्तुति देगा। 22 मार्च को शाम 4 बजे गुर्जर समाज द्वारा रथ बौढ़ाने का आयोजन होगा। 23 मार्च को जादम गुर्जर समाज धर्मशाला में भंडारा प्रसादी आयोजित होगी।

# महिला सरपंचों-स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में महिला सरपंचों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महर्षि कर्वे अध्ययनशाला के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिलाओं में कुपोषण की समस्या और स्थानीय समाधान रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 20 गांवों की महिला प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि डॉ शुभांगी मिश्रा ने महिलाओं के शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण हेतु दैनिक पोषण के प्रति जागरूकता को अनिवार्य बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ गरिमा व्यास ने स्वस्थ जीवन के लिए पोषण और व्यायाम के नौ महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए, जबकि डॉ भाग्यश्री शर्मा ने महिलाओं की बहुआयामी भूमिका और पारंपरिक भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के शोध निदेशक डॉ सीमा शर्मा और कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने रमन इनक्यूबेशन सेंटर में मिलेट्स, अरबी और प्याज प्रसंस्करण पर हो रहे शोध एवं नवाचारों की जानकारी दी। श्रीमती गीतिका चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन ज्योति गौर ने किया।